युवा ट्रांज़िशन सम्मेलन (YTCs)

युवा ट्रांज़िशन सम्मेलन (YTCs) क्या होते हैं?

YTCs ऐसी बैठकें होती हैं, जहाँ एक युवा, उसका परिवार और अन्य सहायक लोग यह योजना बनाते हैं कि युवा को फोस्टर केयर (पालन-पोषण देखभाल) से बाहर आने और वयस्क होने पर किस तरह से सहायता दी जाए। YTCs का संचालन एक सुविधाकर्ता (फैसिलिटेटर) और युवा द्वारा किया जाता है।

YTCs के क्या लाभ होते हैं?

परिवार और अन्य सहायक लोगों के साथ मिलकर योजना बनाना



निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनी राय रखना

परिवार और समुदाय के सदस्यों के साथ फिर से जुड़ना

विकल्पों पर चर्चा करने के लिए लोगों को एक साथ लाना

युवा की सहायता करने के लिए एक योजना तैयार करना

MediateBC

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

YTCs का उपयोग कब किया जा सकता है?



- आम तौर पर जब कोई युवा 16-18 वर्ष का होता है और अगले कुछ वर्षों में फोस्टर केयर छोड़ने वाला होता है।
- योजना को जारी रखने के लिए कई बार YTCs आयोजित किए जा सकते हैं।

YTCs का कितना खर्च आता है?

- सभी प्रतिभागियों के लिए YTCs मुफ्त हाती हैं
- अतिरिक्त लागत (जैसे, बच्चों की देखभाल, परिवहन, टैक्नोलॉजी) को युवा के सोशल वर्कर द्वारा वहन किया जा सकता है।

आप YTC कैसे शुरू कर सकते हैं?

आप यह कर सकते हैं:

- अपने सोशल वर्कर को बताएं कि आप YTC में रुचि रखते हैं
- सहायता के लिए किसी सहायक व्यक्ति से संपर्क करें
- मीडिएट बीसी में एक नेविगेटर से 1-877-656-1300 एक्सटेंशन 104 या navigator@mediatebc.com पर संपर्क करें।

MediateBC